हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 यदुवंशी के 39 विद्यार्थियों ने पाई कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम में...



12 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेडिकल स्टॉरों पर औचक...



# विवेक व आदित्य का सपना साकार, इंदूबाला ने बिना कोचिंग सफर किया तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन यानी यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के रिजल्ट को जारी कर दिया है। इसमें जिला से भी तीन प्रतिभागियों की अच्छी रैंक मिलने की सूचना है। इनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव खायरा वासी डॉ. विवेक यादव ने 272वीं रैंक हासिल की है। अटेली के गांव बेगपुर में रहने वाले आदित्य कुमार ने 492वीं रैंक हासिल की है। वहीं महेंद्रगढ़ के गांव सिहोर की रहने वाली बेटी इंदूबाला ने 541वीं रैंक हासिल की है।

## बेगपुर के आदित्य कुमार की यूपीएससी परीक्षा में 492वीं रैंक



**मंडी अटेली।** इस परीक्षा में अटेली मंडी के गांव बेगपुर निवासी आदित्य कुमार (चिंटू) ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 492वीं रैंक हासिल किया है। इससे पूर्व आयोजित हुई संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया में प्रथम रैंक हासिल थी और एनडीए परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। आदित्य कुमार के पिता सतीश कुमार भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। माता सुनीता निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं और दादा भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण युवा नवीत ने बताया कि आदित्य कुमार ने यदुवंशी स्कूल नारनौल से स्कूली शिक्षा ग्रहण करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी में स्नातक किया। वह बचपन से ही मेधावी व अनुशासित रहे। बेटे की इस उपलब्धि पर माता सुनीता ने बताया कि उसको पूर्ण विश्वास था कि एक दिन उसका बेटा सिविल सर्विस की परीक्षा पास करेगा। आदित्य कुमार ने बताया कि सपना बचपन से ही सिविल सर्विस में जाकर देश सेवा करने का रहा है। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीए विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह राता, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप बौचड़िया, भाजपा अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गणियार व प्रवीण सुजापुर आदि लोगों ने बधाई दी।

## डॉ. विवेक ने हासिल की 272 वां रैंक



महेंद्रगढ़। गांव खायरा निवासी आरपीएस छात्र डॉ. विवेक यादव पुत्र सतेन्द्र यादव ने भी यूपीएससी में 272वां रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विकेक ने पहले प्रयास में ही संफलता हासिल की है। विवेक वर्ष 2017 में आरपीएस विद्यालय से 12वीं कक्षा पास की थी। विवेक यादव के पिता सतेंद्र यादव माधोगढ़ स्कूल में मैथ के प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं तथा माता सरोज देवी गृहणी है। विवेक यादव ने बताया कि उसने 12वीं तक की पढ़ाई आरपीएस स्कूल खातोद से करने के बाद एमबीबीएस करने के लिए वह जोधपुर आ गया। यहां जोधपुर में डॉक्टर संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज में अब जूनियर रेजिडेंस डॉक्टर के पद पर कार्यरत है। डॉ विवेक यादव की बहन प्रिया यादव भी मुंबई में डॉक्टर है। डॉ विवेक यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के साथ-साथ अपने माता-पिता में दोस्तों को दिया है।

## सेल्फ स्टडी कर इंदूबाला ने यूपीएससी में हासिल की 541वीं रैंक



**महेंद्रगढ़।** गांव सिहोर निवासी सुक्रमपाल की बेटी इंदूबाला ने सेल्फ स्टडी करके 541वीं रैंक हासिल की है। इंदूबाला के परीक्षा के उत्तीर्ण करने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके घर पर तथा फोन पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इंदूबाला ने एक कंपनी से 12 लाख रुपये की सालाना की नौकरी छोड़कर लगातार पांच वर्ष तक यूपीएससी की तैयारी की है। उनके चयन होने की सबसे दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने बगैर कोचिंग किए सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की है। इंदूबाला ने दसवीं व बारहवीं की पढ़ाई अलवर से पूरी की है तथा बीटेक की पढ़ाई एमडीयू यूनिवर्सिटी तथा एमटेक की पढ़ाई डीटीयू दिल्ली से पूरी की है। इंदूबाला का कहना है कि सीमित संसाधनों में रहकर भी मजबूत रणनीति से सेल्फ स्टडी करके यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास किया जा सकता है। इंदूबाला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा खूबराम, दादी बनारसी देवी, माता बबीता देवी, पति यश, सास राजेश, ससुर सुरेंद्र व डॉ. सपना यादव को दिया है। इस अवसर पर आरआरसीएम स्कूल चेयरमैन रोशनलाल यादव, गांव के सरपंच हरीश, मास्टर नौबत सिंह व मास्टर राजसिंह सहित अन्य गण्यमान्य लोगों ने इंदूबाला को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### बिजली निगम की बिलिंग से संबंधित सुनवाई आज

**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम कार्यालय में 23 अप्रैल को कार्यकारी अभियंता आफिस में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। यह सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यालय ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### ताजपुर में कुएं से 200 फुट केबल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के ताजपुर में एक किसान के कुएं से 200 फुट केबल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। पीड़ित किसान ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। ताजपुर निवासी धर्मपाल ने बताया कि गत 20 अप्रैल की रात्रि को उसके कुएं से लगभग 200 फुट केबल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं।

### शराब ठेके से बीयर नकदी व मोबाइल चोरी

**कनीना।** सुजान वासी मेघनवास ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ठेका जोन 21 के गांव मोड़ी में ठेके पर बतौर इंचार्ज कार्यरत है। रविवार सुबह करीब 10 बजे जब वह ठेके से कैश लेने आया, तो सेलमैन सुभाष वासी बौंदकलां ने बताया कि सुबह करीब चार बजे ठेके पर दो युवक आए थे, जो बीयर की बोतल व 31 हजार रुपये की नकदी सहित उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।

### चिकित्सा एवं जांच शिविर 27 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दो बजे दोपहर तक संवेदना अस्पताल के तत्वावधान में किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कार्यकारी अभियंता आज सुनेंगे बिल सबंधित समस्याएं

**नारनौल।** कार्यकारी अभियंता ऑफिस दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण में आगामी 23 अप्रैल को दोपहर दो बजे से चार बजे तक 50000 रुपये तक के बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ कंप्लेंट को सुनी जाएगी। किसी भी आमजन ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र व बिल की कॉपी साथ यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### नांगल चौधरी में 4 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नांगल चौधरी।** 132 केवी सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर टी-2 132/11केवी 16/20एमवीए की एनुअल मेंटिनेस सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक की जाएगी। जिसमें 11 केवी फीडर नांगल चौधरी सिटी, मोहनपुर सिटी, सिविल हॉस्पिटल, थनवास एपी, आईबीएस नांगल चौधरी व बुढ़वाल बंद रहेंगे। 132 केवी इंचार्ज कमल किशोर ने बताया कि अधिक गर्मी को देखते हुए कार्य जल्दी से जल्दी किया जाएगा।



नारनौल। गोदाम पर छापेमारी करने पहुंचा सीएम फ्लाइंग का दस्ता। फोटो : हरिभूमि

## छापेमारी में पकड़ी 550 क्विंटल सरसों व 200 क्विंटल बाजरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सरसों की कालाबाजारी जिला महेंद्रगढ़ में जोरों से चल रही है। यही वजह है कि बाघोत, कनीना एवं अटेली के बाद अब नारनौल में भी अवैध रूप से जमा की गई भारी मात्रा में सरसों पकड़ी गई है।

हुआ यूं कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी एवं खुफिया विभाग को सूचना मिली थी कि नारनौल के बहरोड रोड पर एक गोदाम में अवैध रूप से सरसों खरीदकर उसकी जमाखोरी की जा रही है और सरकार एवं मार्केट कमेटी को राजस्व के रूप हानि पहुंचाई जा रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी एवं खुफिया विभाग ने मार्केट कमेटी से भी एक टीम बनाई और उसे साथ लेकर बहरोड रोड पर बताए गए देवकीनंदन फॉर्म के गोदाम पर संयुक्त छापेमारी की गई। दोपहर बाद करीब तीन बजे जब छापेमारी की गई, तब मुख्यमंत्री उड़नदस्ता से निरीक्षक राजेश कुमार एवं मार्केट कमेटी के तरफ से सुपरवाइजर रविंद्र कुमार आदि साथ थे। छापेमारी के दौरान गोदाम में अवैध रूप से बिना मार्केट फीस कटवाई हुए लगभग 550 क्विंटल सरसों एवं 200 क्विंटल बाजरा मौके पर गोदाम में मिला।

सरसों एवं बाजरे के इस स्टॉक से संबंधित हरीश कुमार देवकीनंदन से छापामार दल ने जब उनसे आवश्यक कागजात मांगे तो वह प्रस्तुत नहीं कर सके।

## वारदात आस पड़ोस में लगे सीसीटीवी में हुई कैद

# लिव इन में रहने वाली युवती के अपहरण का प्रयास, महिला को टक्कर मारी

- अपहरण के मामले में तावडू पुलिस थाने में कार्यरत लड़की का चचेरा भाई पुलिस कर्मी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नूंह जिला के तावडू क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती शहर के मौहल्ला सलामपुरा वासी एक युवक के साथ लीव इन रिलेशनशिप में 16 अप्रैल से साथ रह रही है। युवती के परिजनों को जब यह भनक लगी तो वहां पहुंचे। मनाने का प्रयास किया। बात नहीं बनी। फिर तीन दिन बाद 19 अप्रैल की रात तावडू पुलिस थाना के कर्मचारी वर्दी में पहुंचे। उन्होंने भी प्रयास किया। आरोप है कि इन पुलिस कर्मी में एक युवती का चचेरा भाई भी है। मंगलवार सुबह चार व्यक्ति गाड़ी में आए और घर से युवती का अपहरण करने का प्रयास किया। युवक व उसके परिजनों ने किसी तरह युवती का अपहरण होने से बचा लिया। इसी बीच जिस गाड़ी में आरोपित सवार होकर आए थे, उस गाड़ी ने युवक के मां को टक्कर मार दी। इससे घायल महिला के सिर, पैर व कंधे में गंभीर चोट आई। नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवती को भी चोट लगी है। इस घटनाक्रम की आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा में तस्वीर कैद हो गई।



नारनौल। वारदात के दो दिन पहले रात को वर्दी में आए पुलिस कर्मचारी, अपहरण का प्रयास कर युवती को खींचकर ले जाते आरोपित व युवक की मां को आरोपित गाड़ी चालक ने मारी टक्कर। फोटो : हरिभूमि

### इंस्टाग्राम पर हुई थी एक साल पहले दोस्ती

युवक व युवती की दोस्ती एक साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी। मैसेज से बातचीत होने लगी। फिर मोबाइल कॉल से बातचीत शुरू हुई। एक दूसरे को जानने के बाद दोनों ने इसी माह 16 अप्रैल को लीव इन रिलेशनशिप में रहने का फैसला किया।

### 19 अप्रैल को वर्दी में आए थे, अब सादे कपड़े में आए

मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे प्रवीण के घर चार लोग पहुंचे। इनमें ताऊ का लड़का संदीप और परिवार से ही कमल, प्रकाश व रविंद्र था। आज रविंद्र पुलिस वर्दी में नहीं था। यह सभी सफेद रंग की वैगनार गाड़ी में आए और उसे घर के बाहर खड़ी कर दी। उनके साथ नारनौल में बल्ली होटल वाला भी साथ था। घर में आकर उसके साथ, प्रवीण व प्रवीण की मां सरला देवी के साथ गाली गलोच की। फिर मारपिटाई शुरू कर दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपित रविंद्र उसे पकड़कर घर से बाहर खींच लाया और गांव ले जाने लगा। जब विरोध किया तो आरोपित कमल व प्रकाश ने पेट पर लात मारी। संदीप ने बाल पकड़ कर खीचें। वहां गाड़ी के नामजद नंबर थे। इसी दौरान तेज गति व लापरवाही से गाड़ी चला रहे आरोपित कमल ने प्रवीण की मां सरला देवी को टक्कर मार दी। जो घायल हो गई। यह दृश्य देख गली मौहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। इस बीच प्रवीण, प्रवीण के पिता दौलत व भाई अश्वनी ने इन आरोपितों से छुड़वाया। शिकायत में कहा गया है कि संदीप, कमल, प्रकाश व रविंद्र ने जबरदस्ती गाड़ी में लेकर जाने की कोशिश की थी। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

## नगर पालिका दस्ते ने मंडी रोड से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नगर पालिका ने मंगलवार को मंडी रोड से रेहड़ी फड़ी वालों को खदेड़कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जहां नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, उप नागरिक अस्पताल रोड तथा अम्बेडकर चैक पर सब्जी, फल, गोलगप्पे व खोमचे वालों को खदेड़ दिया। माना जा रहा है कि सड़क किनारे खड़े इन रेहड़ी फड़ी के कारण सड़क जाम हो जाती है। जिससे इमरजेंसी के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों व एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता। जिसके चलते मरीज की सांसे अटक जाती हैं।



कनीना। नगर पालिका कर्मचारी मंडी रोड से अतिक्रमण हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

इसी प्रकार स्कूल की चारदीवारी के समीप सब्जी वालों की ओर से दी जाने वाली आवाज टमाटर 20 रुपये किलो व प्याज सौ की सात किलो की आवाज सनकर तंग आ रहे हैं। सब्जी व फल की रेहड़ियों पर बंदर भी मंडराए रहते हैं, जो कभी कभार विद्यार्थियों व राहगीरों पर अटैक कर देते हैं।

नगर पालिका की चेयरपर्सन डा. रिंपी कुमारी ने कहा कि नगर आयुक्त डा. आनंद शर्मा के दिशानिर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता व विकास में आमजन सहयोग करे।

अतिक्रमण करने से आए दिन मार्ग अवरूध होने की शिकायतें आती हैं। कई बार उन्हें चेतावनी भी दी गई, लेकिन अमल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के आदेशों की अनदेखी करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सफाई इंचार्ज सुरेंद्र वशिष्ठ, मेम्बर नितेश गुप्ता सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### *हर्ष फायर न करने का बोर्ड चस्पा करेंगे बैंक्विट हॉल संचालक*

**नारनौल।** जिलाधीश डा. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिला में शादी समारोह व अन्य उत्सव में जश्न मनाने के लिए किसी भी प्रकार के हथियार से फायर करने पर प्रतिबंध है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि जिले के सभी बैंक्वेट हॉल मालिक व प्रबंधक अपने अपने बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह व अन्य उत्सव में जश्न मनाने के लिए किसी भी प्रकार के हथियार से फायर न करने की चेतावनी चस्पा करना सुनिश्चित करेंगे तथा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगे। बुकिंग करने वाले पक्षों से यह आश्वासन प्राप्त करेंगे कि वे समारोहों के दौरान हथियार का प्रयोग नहीं करेंगे तथा इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक महेंद्रगढ़ को देंगे। आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कानून के अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

## सप्ताह में एक दिन नहीं अब रोजाना बनेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए संचालित किया जा रहा है दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक व उपायुक्त डा. विवेक भारती के निर्देशानुसार नागरिक अस्पताल में दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड प्रत्येक कार्य दिवस को संचालित किया जा रहा है।

सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि जिले के दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 44 में संचालित किया जा रहा है। पहले सप्ताह में केवल बुधवार को ही दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड का आयोजन किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक कार्य दिवस को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नागरिक अस्पताल में दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड लगाया जा रहा है। उन्होंने दिव्यांगजन से आह्वान किया कि जो भी दिव्यांग लाभार्थी है, वह नागरिक अस्पताल में दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर अपना यूडीआईडी कार्ड बनवाएं, ताकि सरकार की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों को प्राप्त हो सकें।



नांगल चौधरी। जमीन में धंसी सड़क पर रोष प्रदर्शन करते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

## नोलाजा नांगल चौधरी सड़क मार्ग जमीन में धंसा

**नांगल चौधरी।** नोलाजा नांगल चौधरी सड़क मार्ग की रिपेयर को पूरा हुआ एक महीना भी नहीं बीता है, इससे पहले करीब 15 फीट लंबी सड़क जमीन में धंस गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग पर निर्माण प्रक्रिया लापरवाही बरतने के आरोप लगाया। पार्षद प्रतिनिधि सतपाल, अनिल भार्गव, अशोक डांगी, बिजेंद्र, नवनीत दहिया, सुरेंद्र, मुकेश, अजीत, गणेश, योगेश, अश्विनी, रोहित, रामसिंह, अजय कुमार ने बताया कि नांगल चौधरी से नौलाजा, नोलपुर, दताल, ढाणी जाजमा आदि गांवों को जाने वाला रास्ता टूटा हुआ था। जिसको दोबारा से बनाया गया था, जो कि अभी करीब एक महीने पहले ही बनकर तैयार हुआ था, लेकिन जैसे ही नये रोड पर आवागमन शुरू हुआ, तो रोड जगह जगह से धंसना आरंभ हो गया है। जिसमें तीन से चार जगह पर करीब दस फुट चौड़े गड्ढे बन गए है। वहीं लगभग रोड काफी दूर तक नीचे से खोखला हो गया है। जिससे और भी अधिक टूटने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी से नौलायजा, नोलपुर, दताल व ढाणी जाजमा को जाने वाला रास्ता करीब एक महीने पहले ही रोड बनाया गया था। जिससे लोगों को आवागमन करने में हो रही दिक्कत से छुटकारा मिल गया था।

### 35 लाख रुपये का बजट जारी, टेंडर छोड़ा

# महावीर चौक पर लगेंगी मॉडर्न टेक्नोलॉजी की ट्रैफिक सिग्नल लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक महावीर चौक पर अब मॉडर्न टेक्नोलॉजी की ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई जाएगी। नगर परिषद ने इस कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया है। करीब 35 लाख रुपये के बजट में यह कार्य किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि यह सिस्टम आधुनिक तकनीक पर आधारित होगा और मोबाइल एप से नियंत्रित किया जा सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल एप से वीआईपी एंट्री को भी ट्रैक किया जा सकेगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर वीआईपी काफिले को ग्रीन सिग्नल दूर से ही दिया जा सकेगा। इसका कंट्रोल ट्रैफिक पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

- मोबाइल एप से नियंत्रित होगा ट्रैफिक सिग्नल





नारनौल। महावीर चौक का दृश्य व महावीर चौक पर लगने वाले ट्रैफिक सिग्नल की ड्राइंग। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद के एक्सईएन ने विस्तार से इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महावीर चौक पर दिनभर भारी ट्रैफिक रहता है। जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने चारों दिशाओं में ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्णय लिया है। ट्रैफिक लाइट के साथ साथ चौराहे पर ब्लिंकर्स भी लगाए जाएंगे।

चौराहे पर पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिससे ट्रैफिक की निगरानी में सुविधा रहेगी। रेड लाइट जंप करने पर सीधे चालान भी हो सकेगा। इस पहल से महावीर चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मोबाइल एप से ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रित होने का फायदा यह रहेगा कि शाम को स्कूलों की छुट्टी के बाद स्कूल बसों के आगमन के दौरान जरूरत अनुसार ग्रीन सिग्नल की समय अवधि को बढ़ाया जा सकेगा। इससे पहले यह व्यवस्था मैनुअल तरीके से करनी पड़ती थी।



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।



हॉलीवुड मसाला



# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।



# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।



# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

***नई दिल्ली।*** *50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



## हरियाणा कर्मचारी महासंघ की सभी शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया

# ग्रामीण जलापूर्ति ग्राम पंचायतों के अधीन करने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

परिमण्डल कार्यालय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय कर्मचारी यूनियन ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ सभी शाखाओं के कर्मचारी व पदाधिकारीगण भारी संख्या में परिमंडल कार्यालय के सामने पहुंचे। इसके बाद ग्रामीण जलापूर्ति पंचायतों को सौंपने के विरोध में जोरदार रोष प्रदर्शन करते हुए हरियाणा सरकार के खिलाफ रोष पूर्वक नारेबाजी की। प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम की अगुवाई प्रांतीय प्रधान नरेन्द्र धीमान ने की। मंच संचालन प्रांतीय संगठन सचिव सचिव सुरेंद्र फौजी ने किया। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के प्रांतीय प्रधान बाबूलाल यादव का कार्यक्रम में पहुंचने पर उपस्थित पदाधिकारी साथियों ने पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।


नारनौल। प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रांतीय प्रधान व रोष प्रदर्शन के अध्यक्ष नरेन्द्र धीमान ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति सरकार ग्राम पंचायतों के अधीन कर रही है। इस कारण कर्मचारी वर्ग में बहुत अधिक रोष व्याप्त है। संगठन इसका घोर विरोध करता हैं। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत जितने भी अधिकारी व कर्मचारी हैं, वे दक्षता के आधार पर अपनी पूर्ण निष्ठा से काम कर रहे हैं। पंचायतों में जलापूर्ति जाने से पूरी ग्रामीण जलापूर्ति चरमरा जाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बंट कर गुटबाजी, राजनीतिक दबाव व अन्य कारणों से हर घर तक जल पहुंचाने का सरकार का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता। इसका एक ज्वलंत व बहुत ही पुराना उदाहरण रखते हुए प्रांतीय प्रधान ने कहा कि पूर्व की सरकार में प्राथमिक विद्यालयों को एक बार जिला परिषदों के अधीन किया गया था। जिस कारण सरकारी पाठशालाओं से शिक्षा बिल्कुल दूर हो गई थी। प्रांतीय प्रधान धीमान ने भविष्य में होने वाले इसके दुष्परिणामों के बारे में गम्भीरता से कहा कि सरपंच भेदभाव तथा कर्मचारियों का शोषण करेंगे।

### सीएम के नाम अधीक्षक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने कहा कि कौशल कर्मचारी के लिए बनाया गया सेवा सुरक्षा अधिनियम अभी तक धरातल पर लागू नहीं किया गया। इस कारण कच्चे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र सिंह यादव व मुख्य संगठनकर्ता रविंद्र फौजी ने कहा कि कैशलैस कार्ड किसी भी कर्मचारी के लिए उपयोगी सिद्ध नहीं हो रहे। रोष प्रदर्शन के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिमण्डल के अधीक्षक अभियंता एसपी जोशी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में सुभाष यादव सिंचाई विभाग, सुभाष यादव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रविंद्र कुमार जिला प्रधान, संदीप कुमार जिला सचिव, दीपक शांडिल्य, कृष्ण कुमार पूनिया, रविंद्र कुमार, राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, पवन कुमार, हंसराज, पवन जांगड़ा, कृष्णकांत, रोहतास यादव, रमेश कुमार आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में मनाया पृथ्वी दिवस

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि स्कूल के सीईओ कर्मवीर राव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। प्री-प्राईमरी हेड संतोष यादव ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी दिवस पर स्कूल प्रांगण में 11 पेड लगाकर विद्यार्थियों जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को समय-समय पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि पृथ्वी एकमात्र ऐसा गृह है, जहां जीवन संभव है तथा यह जीवन का आधार हैं। पृथ्वी पर वायु, जल, मिट्टी, सूर्य का प्रकाश और अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं।



### ट्रस्ट ने रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**नारनौल।** रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में काम करने वाली संस्था युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की महिला टीम ने मंगलवार को श्री बालाजी मंदिर खालड़ा परिसर में नाटक के माध्यम से मंदिर में दर्शन करने के लिए आए नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मंदिर परिसर में मंगलवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है, तो संस्था के सचिव टिंकू प्रधान ने कहा कि शहर में रक्तदान के लिए प्रेरित करने का इससे अच्छा स्थान नहीं हो सकता है। आरती सैनी जिला अध्यक्ष महिला टीम ने कहा कि शहर में जल्द ही महिलाओं के लिए रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि अक्सर महिलाएं रक्तदान करने से हिचकती है।

### पौष्टिक भोजन पर संगोष्ठी आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी में केंद्र सरकार द्वारा अनुशंसित पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पौष्टिक भोजन पर संगोष्ठी तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका फाइन आर्ट प्रवक्ता बिंदु चौधरी ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हमारे बच्चों को पारंपरिक भोजन से अवगत करवाना था। आधुनिकता की होड़ में हमारी जीवनशैली में अनेक ऐसे व्यंजन तो शामिल हो गए, जो जीभ के लिए तो स्वादिष्ट हैं, लेकिन शारीरिक दृष्टि से उतने अच्छे नहीं हैं। भोजन की इस प्रदर्शनी में ठेठ देसी आहार नजर आ रहे थे।



### रिटायर्ड कर्मियों ने दिया लघु सचिवालय में धरना

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने लघु सचिवालय पार्क में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से एक बजे तक रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में धरना दिया। मंच संचालन जिला महासचिव रोशनलाल ने किया। धरना स्थल पर धर्मपाल शर्मा, जगनलाल निनानिया, महेंद्र बोयत, कौशल यादव विशेष रूप उपस्थित रहे। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान घनश्याम शर्मा ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य पूरे हरियाणा में राज्य सरकार के पेंशन भोगियों की आवाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### पृथ्वी दिवस पर बीआर ज्ञानदीप स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की जगाई अलख



महेंद्रगढ़। गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन रूपराम यादव ने की। जबकि विद्यालय के प्राचार्य रामवीर यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर छात्रों ने वृक्षारोपण, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ हरियाली है तो खुशहाली है जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह हमें प्रतिदिन पृथ्वी के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर शपथ ली कि वे पर्यावरण की रक्षा करेंगे, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे।



### एचपीएस स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने पृथ्वी पर अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्रदूषण कम करने आदि कृतियों से पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से भूमंडल की रक्षा करने का सुंदर संदेश दिया है। विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ पृथ्वी की सुंदरता नष्ट होती जा रही है।इन सभी बातों का ख्याल रखकर हम सभी को पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेना होगा। विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ता है।



### सीएल स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

नारनौल। सीएल पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी के प्रति जागरूक करना था। बच्चों ने विभिन्न नाटक प्रस्तुत कर जल व वायु प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जंगलों की कटाई, प्लास्टिक कचरा, पेड़ों की कटाई को रोकने के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने अपने हाथों में बैनर लेकर पृथ्वी बचाओ, पौधे लगाओ, प्रदूषण कम करो आदि संदेश देकर सभी को जागरूक किया। इसके साथ बच्चों ने एक एक पौधा लगाकर पृथ्वी को हरा भरा करके पृथ्वी को कैसे खुशहाल बनाया जा सकता है, इसका संदेश दिया। बच्चों ने 1990 से 2025 तक कितना प्रदूषण बढ़ा इसका तुलनात्मक वर्णन करके दिखाया कि अगर ऐसे ही प्रदूषण बढ़ता रहा तो धरती पर सभी जीव जन्तु व वनस्पतियां विलुप्त हो जाएगी। हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य रविन्द्र सिंह, मुख्याध्यापिका मौनिका कौशल ने बच्चों के साथ पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

*कॉमर्स टेलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन*

## यदुवंशी के 39 विद्यार्थियों ने पाई कॉमर्स टेलेंट सर्च एग्जाम में सफलता

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने सीटीएसई (कॉमर्स टेलेंट सर्च एग्जाम) में सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। ज्ञातव्य हो कि कॉमर्स टेलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन खन्ना एज्यूकेशनल सर्विसिज लुधियाना द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य वाणिज्य एवं विषय के प्रति विद्यार्थियों में रूचि उत्पन्न करना था। कॉमर्स टेलेंट सर्च परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ग्यारहवीं कक्षा में शिवानी ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय तथा सक्षम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही सफलता


महेंद्रगढ़। परीक्षा में सफलता में प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्राप्त विद्यार्थियों में केशव, खुशी, लक्ष्य यादव, नैंसी, पारूल, प्रिया, सपना, तन्नु, तेजस, यमन, यश शामिल है। वही बारहवीं में शुभम ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय तथा नैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अतिशेक, हार्दिक, हिमांशु, जसलीन, कुणाल, कुशल, मधु, मन्नु, मीनाक्षी, मुकुल, मुस्कान, नकुल, निखिल, पंकज, प्रिंस, पुष्पेंद्र, रेणु, रितिका, शुभम, वर्षा, निशांत ने सफलता प्राप्त की। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक-एक ट्रॉफी, कलाई घड़ी तथा सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### बचपन प्ले स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

महेंद्रगढ़। मोहल्ला जवाहरनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल व ओम साईराम अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यालय की दूसरी ब्रांच किड्स गार्डन प्ले स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रदूषण, ग्लोबल, वार्मिंग और जंगलों की कटाई जैसी बढ़ती हुई समस्याओं पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी गई और पृथ्वी दिवस से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई के बारे जागरूक करना है।



### यदुवंशी के छात्र आदित्य का यूपीएससी में चयनित

नारनौल। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित नवीनतम परिणामों में यदुवंशी शिक्षा निकेतन का होनहार छात्र आदित्य यादव पुत्र सतीश कुमार ने यूपीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है। आदित्य को इस परीक्षा में पूरे भारत में 492वीं रैंक प्राप्त हुई है और उसका चयन भारतीय विदेश सेवा के लिए हुआ है। यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इससे पहले भी आदित्य ने सीडीएस परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया था और एनडीए परीक्षा भी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की थी। विद्यालय के उपप्राचार्य नरेश यादव ने बताया कि आदित्य कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक यदुवंशी शिक्षा निकेतन का ही छात्र रहा है। प्रारंभ से ही वह अनुशासित और मेहनती रहा है।

*प्राइमरी के बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की*

## हैप्पी स्कूल में गतिविधियों के जरिए पृथ्वी संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

शहर के डुलाना रोड स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते हुए प्री प्राइमरी के बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। वहीं प्राइमरी के विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ के नारे पर आधारित पोस्टर बनाकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा छठी से आठवीं के छात्र-छात्राओं ने भाषण, नृत्य और गायन शैली से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल और प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शिरकत की। बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण की प्रतिज्ञा लेते हुए प्रत्येक दिन को पृथ्वी दिवस मनाने पर बल दिया और पृथ्वी को शुद्ध रखने का संदेश दिया। सभी विभाग प्रभारियों ने पर्यावरण के प्रति अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में पवित्र और पूजा से योग्य मानी जाने वाली गाय जो आज हमारे दूषित वातावरण का शिकार हो रही है, हमें उसे बचाने के लिए और पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए कम पॉलिथीन और प्लास्टिक की चीजों का प्रयोग करना है।



### वर्ल्ड अर्थ डे पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

नारनौल। बच्चों में पर्यावरण के प्रति संरक्षण व संवेदना विकसित करने के लिए बीपीएस स्कूल कुलताजपुर रोड में वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ग्लोबल अर्थ चैलेंजेस थीम पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए आधुनिक युग में पृथ्वी के अस्तित्व को चुनौती देने वाली विभिन्न गतिविधियों-जीवाश्म ईंधन से ग्लोबल वार्मिंग, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता, खाद्य अपशिष्ट, जैव विविधता का नुकसान, प्लास्टिक प्रदूषण, वनों की कटाई, वायु प्रदूषण, बर्फ की परतों का पिघलना और समुद्र का जलस्तर बढ़ना इत्यादि विषयों पर बच्चों ने बड़े ही अर्थपूर्ण व आकर्षक पोस्टर्स बनाए। प्रत्येक कक्षा से तीन बेस्ट विजेताओं को संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सह-सचिव डा. कर्ण चौधरी ने प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था प्रिंसिपल उदयभान राव ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पृथ्वी की सेहत की देखभाल करना हम सब की सामूहिक जिम्मेवारी है।



### हेरिटेज स्कूल में किया पौधारोपण

नारनौल। कनीना में स्थित हेरिटेज पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस के दिन विद्यालय प्रांगण में पौधा लगाकर पृथ्वी दिवस को मनाया गया तथा विद्यालय के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बच्चों को प्रेरित भी किया कि हमें अपने प्रत्येक जन्मदिन पर यह लक्ष्य निर्धारित करना है कि एक पौधा हमें अवश्य लगाना है और उसकी पूर्ण रूप से देखभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि अब वर्षा के मौसम में भी हमें एक पौधा अवश्य लगाना है और अपनी पृथ्वी को इस बढ़ते तापमान से सभी को मुक्त करना है। इसके साथ ही छात्रा युक्ति ने पृथ्वी दिवस अपने भाषण के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि हमें पृथ्वी को कैसे बचाना है। गीतांशु ने भाषण में पृथ्वी के बचाव से संबंधित तथ्यों को प्रस्तुत किया। आठवीं की छात्राओं ने एक नाटक के माध्यम से पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखना है किस प्रकार से हम इस बढ़ते तापमान को कम कर सकते हैं, इन सभी तथ्यों के बारे में एक नाटक के माध्यम से समझाया। इस मौके पर विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार, डायरेक्टर खुशीराम शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर सुमन मौजूद थे।

### बीआर में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



महेंद्रगढ़। गांव सेहलंग स्थित बीआर स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसकी थीम थी हमारी पृथ्वी, हमारी मां। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें मुख्यातिथि बीआर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ एवं उप-प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया।

### सिंघानिया विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी में बाहरी छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक निर्णयों में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंपस डायरेक्टर प्रो. पीएस जस्सल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा विश्वविद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी कमिटमेंट को आगे बढ़ाते हुए यह करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया जा रहा हैं, ताकि हमारे विद्यार्थी अपनी रुचियों, क्षमताओं और अवसरों को सही ढंग से समझ सकें और एक सफल करियर का चुनाव कर सकें। इस अवसर के मुख्य अतिथि नोबल शिक्षण समूह देओलवास के निदेशक डॉ. संदीप नेहरा थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में करियर की स्पष्टता और दूरदृष्टि की आवश्यकता पर बल दिया।



नारनौल। अतिथियों का स्वागत करते विश्वविद्यालय के स्टॉफ सदस्य।

**कार्यक्रम** नीरपुर (राजपूत) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन, ग्राम पंचायत के कार्यों की सराहना

# डीसी-एसपी ने गांव वालों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश अनुसार आज अटेली खंड के गांव नीरपुर (राजपूत) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त डॉ विवेक भारती की अध्यक्षता में अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ तथा अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट स्टेडियम में ग्रामीण तथा



जिला प्रशासन के बीच क्रिकेट का मैत्री मैच का आयोजन किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सरकार की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को निश्चित अवधि में लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। डीसी ने कहा नीरपुर (राजपूत) गांव के सरपंच द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण एकजुट होकर इसी प्रकार अपने गांव के विकास में सहयोग दें। उन्होंने सामूहिक कार्यों के लिए पूरे गांव की एकजुटता से भागीदारी के लिए ग्रामीणों की प्रशंसा की।

### विभिन्न विभागों ने स्टाल लगा कर दी अपनी सेवाएं

अटेली। राज्य सरकार के निर्देश पर लगाए गए रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा मौके पर ही नागरिकों को सेवाएं भी दी। लोगों ने भी इन योजनाओं व सेवाओं का फायदा उठाया। आयुष तथा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगी स्टाल पर स्वास्थ्य जांच व दवाइयां वितरित की गई

### ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं

अटेली। पुलिस अधीक्षक ने नीरपुर अटेली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव नीरपुर अटेली में ग्रामीणों की पुलिस से संबंधित शिकायतें सुनीं और संबंधित को उनके त्वरित निवारण के निर्देश दिए।

**सूचना**

मैं, राजेश देवो पत्नी श्री यादराम निवासी खायरा, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करती हूं कि मेरा पुत्र गुलाब मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं और मेरा पति यादराम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं पूनम कुमारी सुपुत्री श्री रघुवीर सिंह वासी मोहल्ला बड़ा बाग नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करती हूं कि मने अपना नाम पूनम कुमारी से बदलकर पूनम सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे पूनम सैनी के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप



### गर्भवत्ती महिलाओं को पोषण के बारे में किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को सर्कल खातोदड़ा व माधोगढ़ में पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी सेंटरों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान गोद भराई, अन्नप्राशन, पोषण गीत, गर्भवती महिलाओं के हाइट व पेट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सेल्फी व हस्ताक्षर अभियान जैसी गतिविधियों से पोषण के बारे में जागरूक किया। गतिविधियों के माध्यम से बताया कि गर्भवस्था के दौरान संतुलित आहार ले। महिला को अपना नियमित हीमोग्लोबीन टेस्ट व हेल्थ चेक अप करवाएं व शुरूवाती 100 दिन तक मां व बच्चे को किसी प्रकार का आहार दे और छह महीने होने के बाद बच्चे को ऊपरी ठोस आहार खिलाएं।

### वैश्विक हिंदी लघुकथाएं पुस्तक का हुआ विमोचन

**नारनौल।** वैश्विक हिंदी लघुकथाएं पुस्तक का प्रकाशन लघुकथा विधा की विकास यात्रा की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि और ऐतिहासिक घटना है। यह कहना है अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी विवि भोपाल के कुलपति डा. खेमसिंह डहेरिया का। सोमवार शाम अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र मनुमुक्त भवन में आयोजित विमोचन समारोह में साहित्यकार डा. रामनिवास मानव ने संपादित वैश्विक हिंदी लघुकथाएं पुस्तक के विमोचन के उपरांत बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के लघुकथाकारों की एकत्र प्रस्तुति एक दुष्कर कार्य था।

### धनौंदा में ग्रामीणों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**नारनौल।** पृथ्वी दिवस पर गांव धनौन्दा में कर्णचित्रा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। अध्यक्षता अतरलाल एडवोकेट ने की। वक्ताओं भागसिंह तंवर, सुभाष यादव, मनोज शर्मा, पवन व कैलाश सेठ ने कहा कि समय रहते धरती मां की रक्षा के लिए कारगर उपाय नहीं किए तो मानव का अस्तित्व बचना मुश्किल हो जाएगा। बढ़ते प्रदूषण को रोकने, प्रकृति का अंधाधुंध दोहन रोकने, जल बचाने का प्रयास करें।

### गर्मी में पक्षियों के लिए रखे पानी के शिकोरे

**मंडी अटेली।** गर्मी को देखते हुए मंगलवार को राप्रास मोहल्लड़ा के बच्चों ने बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के शिकोरे रखे। इस मौके पर मुख्य शिक्षक सत्यवीर सिंह ने बच्चों को बताया कि दिनों दिन पक्षियों की संख्या घट रही है। हम सभी को अपने आसपास पड़ोस में पक्षियों के लिए पानी के बर्तन, शिकोरे रखने चाहिए। वह दिन दूर नहीं, जब कुछ पक्षी किताबों में देखने या पढ़ने को ही मिलेंगे।

# सुपर 100: दूसरे चरण की परीक्षा शुरू, लेवल-1 में चयनित 79 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

## 100 अध्यापक करेंगे बच्चों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सुपर-100 का पहला चरण पास करने वाले विद्यार्थियों का अब दूसरे चरण का पेपर होगा। प्रदेशभर से सुपर-100 के लिए 2243 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। पांच फरवरी को सुपर 100 के पहले चरण की परीक्षा आयोजित की गई थी। सुपर-100 लेवल-1 के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 79 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमे से 37 छात्र व 42 छात्राएं है। अब ये विद्यार्थी सुपर-100 लेवल-2 की परीक्षा देंगे। पहले चरण में प्रदेश भर से 2243 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की थी, अब दूसरे चरण में प्रत्येक विद्यार्थी को विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र केंद्र में तीन दिन तक रहकर कक्षा लगानी होगी और इसके बाद वहां उसकी परीक्षा होगी। इस चरण को पास करने वाले विद्यार्थी ही सुपर-100 योजना का लाभ उठा पाएंगे। हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग की ओर से 2018 में शुरू किए गए सुपर-100 कार्यक्रम का उद्देश्य 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी व मेडिकल की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस कार्यक्रम ने पिछले वर्षों में 160 से अधिक छात्रों को आईआईटी, एनआईटी व सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त करवाई है। इस योजना के तहत सरकार का प्रयास है कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। सुपर-100 में चयनित बच्चों को विकल्प फाउंडेशन आवासीय कोचिंग दी जाएगी।

*जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जिले से सुपर-100 कार्यक्रम 2025-27 लेवल-2 की परीक्षा के लिए 79 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विकल्प संस्थान की ओर से सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को लेवल-2 की परीक्षा के लिए विकल्प फाउंडेशन के कुरुक्षेत्र परिसर में बुलाया गया है। जिले के 22 विद्यार्थियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 28 अप्रैल से 30 अप्रैल, 21 विद्यार्थियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण एक मई से तीन मई व 36 विद्यार्थियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण पांच मई से सात मई तक विकल्प फाउंडेशन गांव बारना, नजदीक टेरी कॉलेज, ढांड कुरुक्षेत्र रोड, कुरुक्षेत्र में प्रदान किया जाएगा। सुपर-100 लेवल-2 की परीक्षा के लिए सभी चयनित विद्यार्थी तीन दिनों के लिए विकल्प फाउंडेशन के परिसर में उपस्थित रहेंगे। जहां उन्हें गणित व विज्ञान के विषयों का अध्ययन कराया जाएगा और आखिरी दिन एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान कक्षाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यवहार पर भी शिक्षकों की नजर रहेगी। इस लेवल-2 परीक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की परीक्षा लेना ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण को परखना भी है। विद्यार्थी कक्षा में कितना ध्यान केंद्रित करते है तथा पढ़ाई को लेकर उनकी रूचि कितनी है, इसका भी निरीक्षण सुपर-100 के अध्यापक करेंगे, ताकि वे मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर सकें। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी सुपर-100 बैच 2025-27 का हिस्सा बनेंगे।*

### परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

किसी प्रकार की समस्या आने पर विकल्प संस्थान के फोन नंबर 7206758099 पर संपर्क किया जा सकता है। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड **https://registration.buniyaadhry.com/student-signin-s**100 लिंक पर जारी किया जा चुका है। सभी परीक्षार्थी इस लिंक पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। विद्यार्थी लेवल-2 के एडमिट कार्ड के अलावा अपने साथ अपना आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकर की फोटो, कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड व अपना जरूरी सामान साथ लेकर जाए तथा कोई मेहंगा सामान, मोबाइल फोन या ज्यादा कैश अपने साथ ना रखे। इस परीक्षा में राज्य से कुल 600 छात्रों का चयन होगा, जिसमे से 400 छात्र को आवासीय कार्यक्रम के लिए चुना जाएगा तथा बाकी 200 छात्र प्रतीक्षा सूची में रहेंगे, जिनके साथ ऑनलाइन प्रोग्राम चलाया जाएगा।

### मुफ्त कोचिंग की जाएगी प्रदान: जिला शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा की सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने खण्ड से लेवल-2 के लिए चयनित किए गए सम्बन्धित विद्यार्थियों को उनके शेड्यूल अनुसार विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र परिसर में पहुंचने बारे सूचित करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सुपर-100 लेवल-2 परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को सुपर-100 बैच 2025-27 के लिए चुना जाएगा। चयन होने पर विद्यार्थियों को इस योजना के तहत मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी। जिसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

## शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंची नपा की टीम

# बाजार में अतिक्रमण पर प्रहार, हड़कंप

केवल सामान उठाने तक सीमित नपा का अतिक्रमण हटाओं अभियान, पक्के निर्माण हटाने से कर रहे परहेज

नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर, शंकर मार्केट, बालाजी चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड, आंबेडकर चौक, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, आटो मार्केट सहित अन्य मुख्य मार्गों पर चलाया अतिक्रमण हटाओं अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम द्वारा मंगलवार को शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। नगर पालिका का दस्ता जैसे हीं बाजार में दस्तक दी तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने रोड पर अतिक्रमण करके रखे हुए सामान को जब्त कर लिया। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर, शंकर मार्केट, बालाजी चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड, आंबेडकर चौक, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, आटो मार्केट सहित अन्य मुख्य मार्गो पर चलाया गया। अभियान का नेतृत्व दरोगा राजेंद्र कुमार, सुमित उर्फ रिंकू की देखरेख में चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया।





**महेंद्रगढ़।** ट्रैक्टर में सामान डालते नगर पालिका के कर्मचारी व दुकान के बाहर लगा बोर्ड निकालते नगर पालिका के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अतिक्रमण से शहर में लगता है जाम

दुकानदारों द्वारा रोड पर सामान होने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आमजन के साथ वाहन चालक भी परेशान है। रेहड़ियां आवागमन में बाधा बन रही हैं। दुकानदारों द्वारा आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से मुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है। रोड पर सामान होने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी हैं।

### पक्के अतिक्रमण नहीं तोड़ पाई टीम

*नगर पालिका की ओर से शहर के मुख्य बाजारों में समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। लेकिन नगर पालिका की टीम का अतिक्रमण अभियान केवल छोटे दुकानदारों का सामान उठाने तक सीमित रहा है। पिछले कई वर्षों के टीम द्वारा पक्के अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं शहर के शॉपिंग के दुकानदारों ने बरामदें में सामान रखा हुआ है तथा अवैध रूप से चौबारों की भी निर्माण किया गया है। लेकिन नगर पालिका की ओर से इन दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रहीं। अक्सर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भी दुकानदारों द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों से शॉपिंग काम्पलैक्स के अतिक्रमण को लेकर अक्सर सवाल किए जाते है।*



**नारनौल।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव को गुलदस्ता भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# महेश जोशी ने संभाला महासचिव का पदभार

- महासचिव के रूप में तीन वर्ष होगा महेश जोशी का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला रेडक्रॉस सोसायटी से डा. एसपी सिंह ने बताया कि राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय ने महेन्द्रगढ़ निवासी महेश जोशी को हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव के पद पर तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया है। महेश जोशी ने हरियाणा रेडक्रॉस राज्य मुख्यालय चंडीगढ का पदभार संभाल लिया है। राज्य संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा की ओर से उनके राज्य मुख्यालय पहुंचने पर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। महेश जोशी पिछले लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए है। राज्य महासचिव का पदभार संभालने के बाद कहा कि रेडक्रॉस संस्था एक सामाजिक संगठन हैं, जो कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाकर सामाजिक क्षेत्र में और अधिक क्रियान्वित करेंगे। रेडक्रॉस के सभी कार्यों का पारदर्शिता एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा। इस अवसर पर चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के चेयरमैन सुदेश शर्मा, एडवोकेट पुनीत वर्मा, नवीन मिश्रा, बलवान सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, प्रचार अधिकारी विजय कुमार, राज्य समन्वयक रामाशीष मंडल, अधीक्षक दीपक नासा, रिलिफ अधिकारी सर्वजीत सिंह, विनीत गाबा, अनुपम मैसान, सुमन बाला, डिम्पल, अनिल कुमार, नरेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## कनीना मंडी में 1250 क्विंटल गेहूं 6200 क्विंटल सरसों की आवक

**कनीना।** पुरानी आनाज मंडी में मंगलवार को 1250 क्विंटल गेहूं की आवक होने पर अब तक 49500 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जबकि 33200 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं की खरीद फूड सप्लाई की ओर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद स्टेट वेयर हाउस की ओर से नई आनाज मंडी चेलावास में की जा रही है। मंगलवार को 6200 क्विंटल सरसों की आवक हुई। खरीद एजेंसी की प्रबंधक सीमा देवी ने बताया कि अब तक 210353 क्विंटल खरीदी जा चुकी है। जिसमें से 138200 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। इस मौके पर गेहूं की खरीद अधिकारी ध्यान सिंह, मार्केट कमेटी के सहायक सचिव मनोज पराशर, मनीष गुप्ता, नितिन मित्तल, राधेश्याम शर्मा, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# अगड़बंब जोहड़ के नवनिर्मित फुटपाथ में पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

## किनारे धंसने से बढ़ा जानलेवा खतरा,ग्रामीण डीएमसी को समस्या से अवगत करा चुके है

अगड़बंब मंदिर के पास जोहड़ पर बनाए गए फुटपाथ को एक साल भी नहीं बीता, इससे पहले दरार पड़नी तथा किनारे धंसने आरंभ हो गए। सड़क के भुरभुरा कर टूटने से आक्रोशित लोगों ने घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। नपा प्रशासन निर्माण सामग्री का सैंपल भरने और रिपेयर कराने की गुहार लगाई है।

बंटी कुमार, सोनू, मुखराम, प्रदीप कुमार, सुनील ने बताया कि नपा प्रशासन ने जोहड़ का सौंदर्यीकरण कराने के मकसद से फुटपाथ निर्माण स्वीकृत किया था। सीमेंटिड फुटपाथ का निर्माण गोलाकार किया था, ताकि जोहड़ के चारों तरफ पैदल भ्रमण करने में सुविधा रहे, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही फुटपाथ भुरभुराना शुरू हो गया था। थोड़े दिन बाद दरार पड़नी आरंभ हो गई। अब सड़क के किनारे टूटने और धंसने आरंभ हो गया है, जिससे लोगों को थोड़ी सावधानी हटते ही जोहड़ में गिरने का खतरा बढ़ गया। चिंतित लोगों ने बीते महीने डीएमसी को समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने नपा सचिव और कनिष्ठ अभियंता को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक विभाग की तरफ से कोई रिपेयर की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। गुस्साए वार्ड नौ के लोगों ने बैठक का आयोजन किया तथा क्षतिग्रस्त फुटपाथ पर रोष प्रकट किया है। एक तरफ सरकार विकास कार्यों में पारदर्शिता का दावा कर रही है, तो दूसरी तरफ निर्माण सामग्री का सैंपल भरने और जांचने की सुविधा तक नहीं। ठेकेदार अपनी मर्जी से सड़क निर्माण की क्वालिटी निर्धारित करते हैं। जिस कारण अगड़बंब जोहड़ का फुटपाथ कंडम स्थिति में बना हुआ है।



नांगल चौधरी। जोहड़ के फुटपाथ का टूटा व धंसा हुआ किनारा दिखाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते है नपा सचिव

इस संदर्भ में नपा सचिव सौरभ जैन ने बताया कि अगड़बंब जोहड़ का फुटपाथ टूटने की शिकायत संज्ञान में है। निर्माण सामग्री की क्वालिटी खराब होने के कारण ठेकेदार का भुगतान रोक दिया है। जल्द ही पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से खोखला बनाता है नशा



**नारनौल।** मंगलवार को रेडक्रॉस कार्यालय में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों व नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह मौजूद थे। नशा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से इंसान को खोखला बना देता है। नशा करने वाला व्यक्ति समाज में न केवल अपनी प्रतिष्ठा खो देता है, बल्कि समाज व परिवार में घृणा का पात्र भी बनता है। डिविजनल कमांडर टेकचंद यादव ने बताया कि ट्रैफिक के नियमों को तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने और उनके लिए सजा का प्रावधान है।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005



### हरियाणा स्कूल में छात्र को किया सम्मानित

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मंगलवार को आईआईटी जेईई मेन परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। स्कूल चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि एनटीए की ओर से आयोजित जेईई मेन की परीक्षा संस्था के छात्र रोहित पुत्र मदनलाल ने 99.11 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत व निरंतर कोशिषशसे देश के बड़े से बड़े संस्थान में प्रवेश पा सकते है। मजबूत इच्छा, संकल्प व मेहनत से कोई भी छात्र लक्ष्य हासिल कर सकता है।

**कार्रवाई** नारनौल, कोटपूतली व निजामपुर रोड पर 20 से अधिक दुकानों पर दी दस्तक

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोरों पर औचक छापेमारी करके दवाइयों का स्टॉक खंगाला, खरीद व बिक्री रिकॉर्ड जांचा



नांगल चौधरी। मेडिकल स्टोर पर दवाइयों का स्टॉक चेक करते विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ड्रग निरीक्षक प्रशांत कुमार की अगुवाई में मेडिकल स्टोरों पर औचक छापेमारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ड्रक निरीक्षक प्रशांत कुमार की अगुवाई में मेडिकल स्टोरों पर औचक छापेमारी की। दवाइयों के स्टॉक प्रतिबंधित ड्रक तलाशी तथा बिक्री संबंधी रिकार्ड का अवलोकन किया। कार्रवाई की भनक लगते ही दवा विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति देखी गई। करीब दो घंटे की कार्रवाई में पांच दुकानों का निरीक्षण किया गया। आपको बता दें कि नांगल चौधरी में 20 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हैं। अधिकांश दुकानें नारनौल, कोटपूतली तथा निजामपुर रोड पर स्थापित हैं। बीते कई दिनों से विभाग को शहर की कुछ दुकानों पर प्रतिबंधित दवा बिक्री की शिकायतें मिल रही थी। कुछ दवा विक्रेता लोकल दवाई को महंगे प्रिंट पर बेचते हैं। जिससे मरीजों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। बीते पांच सात दिनों से शहर में नशीली दवाई व अन्य सामग्री धड़ल्ले से बेचे जाने की चर्चाएं हैं। इसके बाद जिला स्तर पर ड्रग निरीक्षक प्रशांत कुमार की अगुवाई में छापेमार टीम गठित की गई। शाम को करीब पांच बजे विभागीय टीम कोटपूतली रोड पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंची। जहां विक्रेता से विभिन्न दवाइयों के बिल मांगे और दवाइयों का स्टॉक चेक किया।

### डॉक्टर की पर्ची पर बेच सकते हैं दवाई

इस दौरान ड्रग निरीक्षक प्रशांत कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों का स्टॉक जांचा गया तथा विभागीय मपदंडों का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि दवा विक्रेताओं को चिकित्सक की पर्ची पर दवाई बेचने की अनुमति है।